समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# अनिल अंबानी की कंपनी को मिल सकता है 10,000 करोड़ रुपये का सरकारी ऑर्डर, शेयरों मे तेजी की उम्मीद।

Publisher Published on 06 Jun 2025




## रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर बना देश की पहली निजी कंपनी जिसने बनाया 155 मिमी आर्टिलरी गोला-बारूद ; डिफेसं सेक्टर मे बंड़ी उपलब्धि।

**नई दिल्ली :** अनिल अंबानी के नेतृत्व वाली **रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड** आने वाले दिनों में **भारतीय रक्षा मंत्रालय से 10,000 करोड़** रुपये का बड़ा ऑर्डर हासिल कर सकती है। इस खबर के बीच जहां बीते कारोबारी सत्र में कंपनी के शेयरों में 11% की तेजी दर्ज की गई थी, वहीं गुरुवार को इसमें 5% की गिरावट देखने को मिली। बावजूद इसके, विश्लेषकों का मानना है कि कंपनी के शेयरों में आगे फिर से तेजी आ सकती है।

**रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर** ने तैयार किया **155 मिमी आर्टिलरी गोला-बारूद**
**रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर** भारत की पहली प्राइवेट सेक्टर कंपनी बन गई है, जिसने नई पीढ़ी के 155 मिमी आर्टिलरी गोला-बारूद के चार अलग-अलग डिजाइन तैयार किए हैं।

१. यह परियोजना भारत सरकार की '**मेक इन इंडिया**' पहल के तहत पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक का उपयोग कर विकसित की गई है।
२. इसे **डीआरडीओ (DRDO)** की इकाई **Armament Research & Development Establishment (ARDE)** के साथ **डिजाइन-कम-प्रोडक्शन** पार्टनर प्रोग्राम के तहत विकसित किया गया है।

कंपनी के एक प्रवक्ता ने बताया कि सभी चार प्रोजेक्टाइल का काम पूरा हो चुका है और सप्लाई चेन में 10 **भारतीय कंपनियों** को

शामिल किया गया है। जल्द ही प्रोडक्शन शुरू होने की उम्मीद है।

**10,000 करोड़ रुपये के सरकारी ऑर्डर की संभावना**

**रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर** को उम्मीद है कि अगले 10 वर्षों में उसे भारत के रक्षा मंत्रालय से लगभग **10,000 करोड़ रुपये** के ऑर्डर मिल सकते हैं।

यह संभावना इसलिए भी प्रबल मानी जा रही है क्योंकि आने वाले वर्षों में भारतीय सेना का गोला-बारूद पर खर्च 2023 के 7,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 2032 तक 12,000 करोड़ रुपये प्रति वर्ष तक पहुंचने का अनुमान है।

**कंपनी का नया एक्सपोर्ट प्लान**

इसके साथ ही, **रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर** का इरादा एक्सपोर्ट मार्केट में भी उतरने का है।

१. कंपनी का लक्ष्य है कि अगले **10 वर्षों मे 10,000 करोड़ रुपये** का अतिरिक्त **एक्सपोर्ट रेवेन्यू** हासिल किया जाए।
२. इसके लिए **रिलायंस महाराष्ट्र** के रत्नागिरी में एक **ग्रीनफील्ड विस्फोटक** और **गोला-बारूद निर्माण संयंत्र** भी स्थापित कर रही है।

इस प्लांट में लगभग **5,000 करोड़ रुपये** का निवेश किया जा रहा है और यह प्लांट **धीरूभाई अंबानी डिफेसं सिटी** के भीतर स्थापित किया जा रहा है।

**रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों मे आंगे क्या होगा ?**

१. विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह **10,000 करोड़ रुपये का ऑर्डर** मिलता है तो इससे कंपनी की **वित्तीय स्थिति** और **शेयरों** में तेजी आ सकती है।
२. वहीं कंपनी के **डिफेसं सेगमेटं** में विस्तार से उसका दीर्घकालिक **ग्रोथ आउटलुक** भी मजबूत होने की संभावना है।

अब देखना यह है कि आने वाले दिनों में **रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर** इस बड़े मौके को कैसे भुनाती है और घरेलू तथा **वैश्विक रक्षा बाजार** में अपनी साख को और मजबूत कैसे बनाती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.